# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–29 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्याथ ने आज लखनऊ से वर्चुअल माध्यम के जरिए नगर निकायों से जुड़े प्रदेश भर के तेरह हजार आठ सौ जनप्रतिनिधियों के साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश–2047' विषय पर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के नगर निकायों में भी इस मुद्दे पर एक–एक सम्मेलन करवाने पर जोर दिया।

**मैं चाहूंगा कि सात सौ बासठ नगर निकायों में एक–एक सम्मेलन भी हो। इसकी अध्यक्षता वहां का चेयरमैन या महापौर करे और कोई जनप्रतिनिधि या पूर्व जनप्रतिनिधि, किसी आयोग या बोर्ड का कोई अध्यक्ष या कोई न कोई पदाधिकारी वहां जाकर के इस मुद्दे को आगे बढ़ाए।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण के साथ सभी नगर निकायों को जोड़ने आएं हैं। उन्होंने नगर निकायों में बढ़ रही सुविधाओं के बारे में खासतौर से चर्चा की। कार्यक्रम के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने उम्मीद जताई कि 'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश' की सिद्धि में सभी सम्मानित जनप्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलवे द्वारा दीपावली और छठ पर्व के दौरान रिकॉर्ड संख्या में बारह हजार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी। वर्चुअल माध्यम से बिहार के लिए तीन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों सहित कुछ अन्य रेलगाड़ियों का उद्घाटन करते हुए आज उन्होंने यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे पर विशेष ध्यान दिया गया है, विशेषकर उन राज्यों में जहाँ सुविधाएँ सीमित थीं। आज से शुरू की गईं तीन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाडियां मुजफ्फरपुर को चरलापल्ली, दरभंगा को मदार जंक्शन और छपरा को आनंद विहार टर्मिनल से जोड़ेंगी। हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि छपरा से आनंद बिहार जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपराह्न बाद साढ़े तीन बजे के करीब गोरखपुर जंक्शन पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसका स्वागत किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए परिवर्तन तथा प्रगति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लॉन के माध्यम से ढांचागत विकास को क्रांतिकारी बनाया है।

**पीएम गतिशक्ति पहल एक ऐसा मास्टर प्लान है जो सीमाओं को तोड़ रहा है, कार्यान्वयन में तेजी ला रहा है और भारत के विकास के सपने को साकार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, गतिशक्ति समग्र शासन का विस्तार है।**

**पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान सरकारी प्रोसेस और उससे जुड़े अलग–अलग स्पेकुलर्स को तो एक साथ तो लाता ही है, ये ट्रांस्पोर्टेशन के अलग–अलग बोर्डस को भी आपस में जोड़ने में भी करता है। ये होलिस्टिक गवर्नेंस का विस्तार है।**

**पीएम गतिशक्ति एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान वर्ष 2021 में शुरु हुआ था। जो समन्वित और निर्बाध परियोजना निष्पादन के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर बुनियादी ढाँचे के विकास को एकीकृत करता है। पहली बार, 57 मंत्रालय और 36 राज्य तथा केंद्र शासित प्रदेश एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसमें एक हजार 700 से ज्यादा डेटा लेयर्स एकीकृत हैं। परियोजनाओं के मूल्यांकन के बाद नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप एनजीपी की एक व्यवस्था स्थापित की गई है। अब तक, एनपीजी व्यवस्था के माध्यम से 13 लाख 59 करोड़ रुपये की 293 बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। जीआईएस–आधारित मानचित्रण, रीयल–टाइम निगरानी और मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के साथ, गतिशक्ति टिकाऊ बुनियादी ढाँचे का निर्माण कर रही है और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति सिंह।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिले की प्राचीर से दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। ये सुधार बाइस सितम्बर से लागू हो चुके हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**जीएसटी 2.0 के तहत, पिज्जा, ब्रेड, खाखरा और चपाती पर पहले 5 प्रतिशत कर लगता था, जो अब पूरी तरह कर मुक्त कर दिया गया है। इसी तरह, पराठा और डिब्बाबंद खाद्य वस्तुओं पर जहां पहले जीएसटी कर 18 प्रतिशत लगता था, वह अब पूरी तरह से हटा दिया गया है। इसके साथ ही, सरकार ने सॉस और मसालों जैसे करी पेस्ट, मेयोनीज और मिश्रित मसालों पर भी कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। करो में इस बदलाव का मकसद भोजन की सामर्थ्य में सुधार, दैनिक पोषण सुनिश्चित करने और उपभोग को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान करना है। रोहन के साथ नीतिका गुप्ता आकाशवाणी समाचार ,नई दिल्ली।**

**********

हरदोई जिले में आज सड़क किनारे खड़े परिवार को तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा आज दोपहर ढाई बजे सुरसा थाना क्षेत्र के सुरसा तिराहे के पास हुआ।

**********